## स्वरोजगार महिला को मिला सम्मान

**गंगापुर सिटी ।** महिला जागृति संस्थान द्वारा दोपहर 12.3० बजे भगवती पैलेस में स्वरोजगार सम्मान एवं रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष डॉक्टर कुसुम गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि उमेश कुमार शर्मा फाउंडर एवं डायरेक्टर डीएस साइंस एकेडमी एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता शर्मा समाजसेवी, अंतर्राष्ट्रीय कलाकार डॉक्टर मुरारी लाल सैनी, प्रधान श्रीमती मंजू गुर्जर, पूर्व सभापति श्रीमती संगीता बोहरा, पूर्व चैयरमैन श्रीमती गीता देवी नरुका, रेखा गुट्टा समाजसेवी, मनीष माना एडवोकेट, संस्थान के पदाधिकारी एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश कुमार शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता शर्मा ने महिलाओं के उत्थान एवं जागृति के लिए एवं स्वरोजगार सम्मान एवं संस्थान द्वारा चलाए जा रहे प्रतिदिन पक्षियों को दाना चुग्गा एवं गायों को हरा चारा डलवाने के लिए इस पुनीत कार्य के लिए संस्थान की सराहना की। संगठन मंत्री श्री मति अनिता तुलारा ने बताया कि जो महिलाएं स्वयं का व्यवसाय कर रही है उन सभी का महिला स्वरोजगार सम्मान से सम्मानित किया गया। संयोजक मंडल ने बताया कि कार्यक्रम में भामाशाह को पक्षी सेवा सहयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया। माने क्लासिकल डांसर डॉक्टर मुरारी लाल सैनी एवं उनकी टीम द्वारा बहुत ही शानदार प्रस्तुति देकर रंगोत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

# अभावि परिषद ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**गंगापुर सिटी ।** राजकीय महाविद्यालय में पुस्तकालय का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। एक तरफ जहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पिछले काफी समय से महाविद्यालय प्रशासन से कॉलेज में संचालित पुस्तकालय भवन को खोलने की मांग कर रहा है। वहीं, कॉलेज प्रशासन द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। मंगलवार को इस मामले में एक बार फिर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन देकर पुस्तकालय भवन में घपले की निष्पक्ष जांच करने के साथ-साथ परिषद के कार्यकर्ताओं पर कॉलेज प्रशासन के द्वारा अभद्रता करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में परिषद के पदाधिकारी ने ज्ञापन भी सौंपे हैं।

एबीवीपी के विभाग संयोजक सीताराम गुर्जर ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी को दिए ज्ञापन में राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी में पुस्तकालय में गवर्नर एवं विद्यार्थियों की समस्याओं के साथ-साथ व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमित की निष्पक्ष जांच करने की मांग की।उन्होंने बताया कि राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी में पुस्तकालय विगत 5 वर्ष से बंद है। किसी भी विद्यार्थी को पुस्तकें वितरित नहीं की जा रही है और महाविद्यालय में लाखों रुपए की पुस्तकें नदारद है जिनका कोई लेखा जोखा महाविद्यालय के पास नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संघर्ष किया गया तो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता और पदाधिकारी को महाविद्यालय प्रिंसिपल सुमित्रा मीना और शिक्षक महेंद्रकुमार मीणा, सहायक आचार्य संस्कृत, रोहित कुमार मीणा सहायक आचार्य-राजनीति विज्ञान, महेंद्र कुमार मीणा सह आचार्य-वनस्पति शास्त्र, सतीश कुमार मीणा सहायक आचार्य-राजनीति विज्ञान, राजूलाल मीना पीटीआई ने परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ दमनकारी नीति और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट की।

जिला सयोजक मनोज सैनी और जिला समिति सदस्य अभिषेक सोनवाल ने बताया कि वर्तमान सवाई माधोपुर के विभाग सयोजक एव पूर्व में अभाविप के जिला संयोजक सीताराम गूर्जर के विरुद्ध रोहित कुमार मीणा सहायक आचार्य एवं पिंकी मीणा सहायक आचार्य ने मिथ्या आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करवाई। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी का आरोप है कि कॉलेज में पुस्तकालय भवन को खुला नहीं जा रहा है और पुस्तकालय भवन से लाखों रुपए की पुस्तक गायब है एवं कॉलेज में अनियमितता बनी हुई है उल्टे परिषद की पदाधिकारी पर ही झूठे आरोप लगाकर उन्हें फंसाया जा रहा है।

उन्होंने महाविद्यालय शिक्षकों के विरुद्ध कडी से कडी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि यदि उनकी मांग पर कार्रवाई नहीं की गई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के साथ में बडा आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार और प्रशासन की होगी। कलेक्टर को ज्ञापन देने के दौरान एबीवीपी के विभाग सयोजक सीताराम गुर्जर, जिला सयोजक मनोज सैनी, जिला समिति सदस्य अभिषेक सोनवाल, विकास सैनी, विजेंद्र गुर्जर, अजीत गुर्जर, अजय गुर्जर, भूपेंद्र गुर्जर आदि मौजूद थे।



अभावि परिषद के सदस्यों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

## सार-समाचार

### आग से फसल जल कर राख

**सपोटरा/ करौली ( नि.स. )।** सपोटरा उपखंड के चैनपुर बर्रिया गांव में एक किसान के खेत में खड़ी गेहूं की पकी फसल में अचानक आग लग गई। आग लगाने से फसल जल कर राख हो गई। आग से किसान की चार माह की मेहनत पर पानी फिर गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। सपोटरा उपखंड की चैनपुर बर्रिया ग्राम पंचायत के गेरई गांव निवासी बलराम मीणा पुत्र श्रीराम मीणा 46 ने साझे पर मुकेश मीणा का खेत लिया हुआ था। जहां उसने ढाई बीघा से अधिक में गेंहू की फसल लगाई। खेत में खड़ी पकी फसल को काटने की तैयारी थी लेकिन मजदूर नहीं मिलने से देरी हो गई। इस दौरान अज्ञात कारण से खेत में खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते फसल जलकर खाक हो गई। किसान ने आग को बुझाने का ट्यूयूबवेल चला कर आसपास के किसानों की मदद से प्रयास किए गए। लेकिन गेहूं की फसल के पक कर सूखने से आग तेजी से फैल गई और ढाई से तीन बीघा मे खड़ी फसल जल कर राख हो गई। घटना से किसान परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। किसान बलराम के खेतों से आग अन्य खेतों में भी फैल जाती लेकिन समय रहते किसानों ने ट्रैक्टर चला कर खेत में हल चला दिया, जिससे आग बुझ गई। किसान ने बताया कि उसकी 50 क्विटंल गेहूं और भूसा की फसल नष्ट होने से उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। किसान गेरई से अपने परिवार की परवरिश के लिए चैनपुर बर्रिया आया था और साझे पर गेहूं की खेती की।

### रामस्वरूप कोली कामां दौरे पर

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सभी प्रत्याशी अपने अपने चुनावी प्रचार प्रसार में बडी मशक्कत के साथ लगे हुए है। आज भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली कामां पहुंचे जहां पर कामां विधायक नोक्षम चैधरी के साथ सैकडों भाजपाई कार्यकर्ता व मंडल के कार्यकर्ता सांसद प्रत्याशी रामस्वरूप कोली की अगुवाई में डीजे बाजे के साथ घाटा बॉर्डर पर पहुंचे। जहां पर सांसद प्रत्याशी रामस्वरूप कोली का फूल माला व साफा वांधकर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सम्मान किया। भाजपा नेता निहाल मीणा ने गुलदस्ता भेंट कर सांसद प्रत्याशी रामस्वरूप कोली का स्वागत सम्मान किया। सांसद प्रत्याशी रामस्वरूप कोली सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ घाटा, इदोली, कनवाडा सहित दर्जनों गांवों में जाकर जनसंपर्क किया व शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। सांसद प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने कहा कि चुनाव जितने के बाद सबसे पहले हम कामां डीग कोसी को रेलमार्ग से जोड़ने के बादे को पूरा करेंगे। साथ ही कहा की कामां विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर वो सजग व सतर्क रहेंगी। सांसद प्रत्याशी के साथ कामां विधायक नोक्षम चैधरी, निहाल मीणा भाजपा नेता,अली हुसैन सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 15 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**करौली ( नि.स. )।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से आइसेप इंडिया फाउंडेशन के द्रारा ग्राम कोसरा में पंद्रह दिवसीय वाशिंग पाउडर, कपडे धोने का साबुन,लिक्विड डिश बर्तन वाश,फिनोइल और वेसलिन जैली बनाने का प्रशिक्षण दिया गया जिसके प्रशिक्षण का समापन किया गया। आइसेप के परियोजना प्रबंधक लटूर सिंह गुर्जर ने बताया की प्रशिक्षण गत पंद्रह दिन से दिया जा रहा था जिसमे राजीविका के समुह की तीस महिला सदस्यों ने भाग लिया जिनको नियमित रूप से समुह प्रबन्धन,लेखा जोखा संधारण एवं बैंक से लेन देन वितीय साक्षरता के बारे में प्रशिक्षण दिया गया उसके साथ ही मास्टर ट्रेनर साहीना परबीन के द्वारा वाशिंग पाउडर,कपडे धोने का साबुन, लिक्विड डिश बर्तन वाश, फिनोइल और वेसलिन जैली बनाने का प्रशिक्षण दिया गया उसको अच्छी गुणवत्तापूर्ण पूर्ण कैसे बनाया जा सकता इसकी जानकारी दी गई। उसकी आकर्षक पूर्ण पैंकिंग कैसे बनाया जा सकता जिससे लोग इसको आसानी से खरीद सके उसकी बाजार व्यवस्था कैसे की जाय जिससे इसकी अधिक बिक्री होकर लोगो को ज्यादा मुनाफा हो सके जिससे महिलाओ को अधिक लाभ मिल सके। प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओ को बैंक से जोड़ा जायेगा उससे लोन दिलाकर उसके व्यवसाय की अधिक लाभाकरी बनाया जा सके।इस अवसर पर महेंद्र सिंह माली,सुरेश कुमार सेहरा, लीड बैंक मेनेजर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड पुनीत हरित का विशेष योगदान रहा है।

### आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**गंगापुर सिटी।** नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्य का आयुक्त रिंकल गुप्ता द्वारा मंगलवार को शाम 4 बजे औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त व स्वास्थ्य निरीक्षक पिन्टू राम मीना द्वारा ट्रक यूनियन सर्किल से होते हुये फव्वारा चौक होते हुये सालौदामोड तक सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान जमादारों व सफाई कर्मचारीयों को जिम्मेदारी से कार्य नही करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। सफाई व्यवस्थाओं के संबंध में सख्त हिदायत देकर व्यवस्था सुधारने के लिए निर्देश दिये गये। साथ ही आमजन से अपील की गई कि शहर को साफ-सुथरा रखने में अपनी भूमिका निभायें। आगामी लोकसभा चुनाव 2०24 के लिये मतदान हेतु जागरूक करने के दृष्टिकोण से अधिकाधिक मतदान करने के लिये प्रेरित किया।

### लिपिक ने लगाई मंदिर पर प्याऊ

**हिंडौन सिटी।** नक्कस की देवी मंदिर के पास महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नंबर 1 में भामाशाह लिपिक ने ठंडे पानी की प्याऊ शुरू की । हिंडौन की नक्कस की देवी मंदिर के पास महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नंबर 1 में मंगलवार को भामाशाह लिपिक ने गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे पानी की प्याऊ शुरू की है ।शिक्षक मधुसूदन शर्मा ने बताया कि विद्यालय के कनिष्ठ लिपिक दीपक कुमार वर्मा ने गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्यालय के प्रवेश द्वार नंबर दो पर ठंडे पानी की प्याऊ शुरू करवाई है।जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा ने फीता काट कर किया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ,विद्यार्थी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन दाखिल

**गंगापुर सिटी ।** लोकसभा क्षेत्र टोंक सवाई माधोपुर से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया की विशाल नामांकन रैली एवं सभा में भाग लेने के लिए गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में हजारों सैकडों भाजपा कार्यकर्ता रवाना हुए। भाजपाई प्रात: काल 9 बजे बाईपास स्थिति पूर्व विधायक के आवास पर एकत्रित होकर भाजपा के पक्ष जमकर नारेबाजी करते हुए पहुंचे। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि देश में मोदी की सरकार बनेगी। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

### बालश्रम के विरुद्ध चलाया अभियान

**करौली ( नि.स. )।** बालश्रम के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन एवं प्रयत्न संस्था ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 2 अप्रेल को श्री कैलादेवी मेला क्षेत्र में विभिन्न होटलों एवं गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। बाल मुकुंद नरसी गेस्ट हाउस व अन्य होटलों के मालिकों, नियोजकों को बालश्रम नहीं करने हेतु शपथ पत्र भरवाये। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा, श्रम निरीक्षक माधव गोस्वामी, प्रयत्न संस्था के राकेश तिवारी एवं चाइल्ड लाइन सदस्य देवेंद्र एवं श्रीदेवी शर्मा शामिल रहे। श्रम निरीक्षक ने बताया कि बालश्रम के विरुद्ध जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है।

### 1 लाख रूपये की राशि जब्त

**करौली ( नि.स. )।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मे स्थैतिक निगरानी दल द्वारा झुनकी हार मांचडी स्थान पर शिवचरण पुत्र रामफूल धोबी निवासी रानी नगर पालडी मीना की गाडी नम्बर आरजे 45सीआर8249 से सोमवार को 1 लाख रूपये की राशि जब्त की गई। इस संबंध मे उन्होने कोषाधिकारी करौली को निर्देशित किया है कि उक्त राशि एसएसटी से प्राप्त कर नियमानुसार कोषागार करौली के स्टॉग रूम मे सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित करें।

### पद यात्रियों के लिए भंडारा कल से

**हिण्डौन सिटी ।** टीका कुंड हनुमान मंदिर पर 4 अप्रैल से केला देवी पद यात्रियों के लिए भंडारा शुरू होगा।बयाना रोड स्थित टीका कुंड हनुमान मंदिर पर कैला देवी पद यात्रियों के लिए गुरुवार से निशुल्क भंडारा शुरू होगा। मंदिर के सेवक संजय खत्री एवं महेंद्र भगत ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट की ओर से कैला देवी पद यात्रियों के लिए प्रतिवर्ष दाल-चपाती, चावल का निशुल्क भंडारा आयोजित किया जाता है।

## शीतला माता का पूजन कर लगाया बासोड़ा का भोग

**करौली ( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ शीतला अष्टमी का पर्व मनाया गया इस अवसर पर महिलाओं ने बासोडा का भोग लगाकर माता की पूजा अर्चना करते हुए आरोग्य और समृद्धि की कामना की।

जिला मुख्यालय स्थित नगाडखाना दरवाजा के पास शीतला माता के मंदिर पर रविवार रात्रि से ही महिलाओं की भीड़ शीतला अष्टमी को माता की पूजा अर्चना के लिए उमडने लगी। इस दौरान माता को वासी पकवानों का भोग लगाया गया वहीं दिनभर श्रद्धालुओं ने कन्या लंगूराओ का भी पूजन कर उन्हें भोजन कराया शीतला अष्टमी से एक दिन पूर्व रविवार को महिलाओं ने अपने घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए तथा सोमवार को रात्रि से ही शीतला माता के पूजन के लिए मंदिर में महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया महिलाओं ने शीतला माता का पूजन कर शांति और खुशहाली की मनौती मांगी शीतला माता पूजन के बाद महिलाओं ने लंगड़ा और हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना की वहीं घरों में कन्या लांगुरियाओ को भोजन कराया गया। तथा लोगों ने भी एक दिन पूर्व बने वासी पकवानों की प्रसादी ग्रहण की इस दौरान शीतला माता के मंदिर के आसपास भारी पुलिस जाप्ता सुरक्षा, कानून व्यवस्था के लिए तैनात किया गया वहीं बच्चों ने मिट्टी से बने लांगुरियाओं को रखकर महिलाओं से लंगड़ा पूजन कर जाने की मनुहार की।

## जल मंदिर का किया शुभारम्भ

**गंगापुर सिटी ।** भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी एवं भामाशाह जगदीश प्रसाद मित्तल (मावा वाला) मित्तल उच्च माध्यमिक विद्यालय मिर्जापुर गंगापुर सिटी वालों के द्वारा नवीन अनाज मंडी के मुख्य द्वार के पास स्थायी जल मंदिर का निर्माण करवाया गया है। शाखा अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मित्तल, प्रांतीय पदाधिकारी अनिल खण्डेलवाल, प्रमोद बोहरा, संरक्षक अशोक बंसल और शिवनारायण गुप्ता और भामाशाह जगदीश प्रसाद मित्तल (मावा वाले) ने दीपक जलाकर जल मंदिर का शुभारंभ किया। शाखा सचिव रामदयाल मीणा ने बताया की इसमे आमजन को एवं मंडी में आने वाले किसानों के लिऐ दोनो साईड तीन- तीन नल लगवाए गये है। इस क्षेत्र में आम जनता के लिए कोई जल मंदिर नहीं है जिसकी यहां महती आवश्यकता है।

## मतदाता जागरूकता के प्रभारी-अधिकारियों की बैठक आयोजित

**करौली( नि.स. )।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने और मतदाताओं की लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियों के प्रभारी-अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वीप गतिविधियों की समीक्षा की और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं सीईओ उदयभानु चारण ने कहा कि स्वीप के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का उद्देश्य मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित करना है। प्रभारियों को स्वीप गतिविधियों को पूर्ण मनोयोग से करने के निर्देश दिए, जिससे लोकसभा चुनाव में पिछले चुनाव की अपेक्षा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सफलता मिले। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों का उद्देश्य केवल दिखावा न होकर मतदाता को मतदान केंद्र तक लाना है। जिसके लिए उन्होंने कार्य योजना बनाकर पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता जागरूकता को अभियान के रूप में लेकर ई-शपथ, बच्चों द्वारा माता-पिता को पत्र, रैली, माइग्रेन वोटर्स को बुलावा पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के विभिन्न माध्यमों से आम जनता तक पहुंच बढ़ाने के निर्देश दिए।

साथ ही पिछले लोकसभा चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र की पहचान कर उन क्षेत्रों में कार्य योजना बनाकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सेक्टर प्रभारियों को मतदाता जागरूकता को कर्मचारी नियुक्त कर लगभग 100 मतदाताओं से संपर्क करने और मतदान के लिए प्रेरित के निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, एमसीएमसी सेल, रसद विभाग, स्काउट, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पोस्ट ऑफिस, रोडवेज, आईटी, कृषि उपज मंडी से स्वीप गतिविधियों की समीक्षा कर प्रदूषण मुक्त चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर साफ सफाई सहित व्यवस्थित रखने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क धर्मेंद्र मीणा ने चुनाव जागरूकता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉलोअर्स और लाइक, कॉमेंट बढ़ाने की कार्ययोजना को विस्तार बताया।

## नव निर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान

**हिंडौन सिटी ।** अग्रवाल युवा संगठन एवम अग्रवाल महिला संगठन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में सम्मान किया गया ।

जिसमे अग्रवाल युवा संगठन के नव निर्वाचित अध्यक्ष राहुल बंसल, महामंत्री अंकित गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश, कोषाध्यक्ष तुषार मित्तल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, प्रचार मंत्री अनुराग मंगल, सहमंत्री आदित्य अग्रवाल, संगठन मंत्री अंकित गुप्ता सहित अग्रवाल महीला संगठन की नव निर्वाचित अध्यक्ष गीता देवी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा बंसल, उपाध्यक्ष रमा सिंघल, महामंत्री पूजा सिंघल, कोषाध्यक्ष अनीता मित्तल, सहमंत्री भावना जेतवाल, संगठन मंत्री सरोज गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री ज्योति गोयल, प्रचार मंत्री पुष्पा अग्रवाल व अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल लांगरा व अग्रवाल कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष मदन मोहन गुप्ता का समाज अध्यक्ष सत्येन्द्र आर्य व समाज महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका द्वारा सम्मान किया गया ।

कार्यक्रम में अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के चुनाव अधिकारी सुरेश चंद गुप्ता, सह चुनाव अधिकारी चतुर्भुज अग्रवाल, महिला संगठन की चुनाव अधिकारी पुष्पा मंगल, सहचुनाव अधिकारी उमेश जिंदल, अग्रवाल युवा संगठन के चुनाव अधिकारी उमेश मित्तल, सहचूनाव अधिकारी पंकज सर्राफ, मनोहर गुप्ता अनिल बंसल, जगदीश गुप्ता, राजेंद्र संघई, ओमप्रकाश बंसल, देवेंद्र कुमार डालू, भुवनेश गोयल सूकी, राम ठेकेदार, रामभरोसी, प्रकाश खेड़िया, अग्रसेन शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी, विकास गुप्ता, डाक्टर आनंद, बनवारी धोलेटा, महेश टोडूपुरा, मुकेश खंडीप, रामचरण चुरारी, अनिल कल्ली आदि काफी संख्या में अग्रवाल बंधु उपस्थित रहें। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एक दूसरे बंधुओं द्वारा बधाइयां प्रेषित की।

## शिविर का किया शुभारंभ

**भरतपुर ( निस )।** ग्रामीण विकास मंत्रालय और राजस्थान सरकार के तत्वावधान में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार रोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर में संचालित फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण के दौरान संस्थान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमे पीएनबी मंडल प्रमुख राजेंद्र सिंह एवं निदेशक आरसेटी उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षार्थियों को स्वरोजगार का महत्व बताया और स्वरोजगार की हमे क्यों आवश्यकता है इसके बारे में भी बताया तत्पश्चात आरसेटी निदेशक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण में 35 पुरुष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिनके लिए मंडल प्रमुख राजेंद्र सिंह एवं निदेशक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा ड्रेस वितरित की गई।

## सड़क पर खड़े वाहनों को किया जप्त

**करौली ( नि.स. )।** करौली शहर की सड़कों पर खड़े टू व्हीलर, थ्री व्हीलर और फोर व्हीलर वाहनों के खिलाफ करौली यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गुलाब, हॉस्पिटल रोड और हिंडौन दरवाजा सहित विभिन्न स्थानों पर सड़क पर, नो पार्किंग में खड़े वाहनों तथा यातायात को अवरुद्ध करने वाले वाहनों को जब्त किया गया।

साथ ही वाहन चालकों से समझाइश की गई। अभियान का उद्देश्य सड़क पर खड़े वाहनों को हटाना और अवरुद्ध हो रहे मार्ग को सुचारू करना था। साथ ही शहर में पार्किंग स्थलों को भी चिन्हित करने और नए पार्किंग स्थल विकसित करने की जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के लिए पत्र लिखा है।करौली यातायात निरीक्षक नीरज शर्मा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर गली और सड़कें संकरे हैं। जिसके चलते आए दिन जाम लगता है। उन्हें बताया कि शहर में अधिकतर वाहन सड़क पर और नो पार्किंग जोन में खड़े रहते हैं। जिसके चलते राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर करीब 15 दिन पूर्व पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान में वाहन चालकों, दुकानदारों को सड़क पर ठेले,सामान नहीं रखने तथा टेंपो,बाइक अधिक नो पार्किंग में खड़े नहीं करने की समझाइश की गई थी। गुलाब बाग से शुरू हुआ अभियान, नई सब्जी मंडी, अस्पताल के सामने, हिंडौन दरवाजा सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई।

## महिला की उपचार के दौरान मौत

**हिंडौन सिटी ( नि.स. )।** शहर के ढिंढोरा निवासी एक महिला द्वारा बच्चादानी का ऑपरेशन कराने पर तबीयत बिगड़ गई, जिसे जयपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, सोमवार रात उसकी मौत हो गई। महिला का ऑपरेशन हिंडौन में खरेटा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में हुआ था। सूरौठ थाना पुलिस ने मंगलवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। हालांकि परिजनों ने पुलिस कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर सूरौठ थाना पुलिस को रिपोर्ट दी है। थाना प्रभारी सुमन सिंह ने बताया मृतका ढिंढोरा निवासी मीना जाटव (32) पत्नी धर्मवीर जाटव है। मृतका के पति धर्मवीर ने रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया कि 31 मार्च को महिला का बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ है। जिसमें तबीयत खराब होने पर 1 अप्रैल को जयपुर रेफर कर दिया। रात दस बजे महिला की मौत हो गई। जिसके बाद शव लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने ही सूरौठ थाना पुलिस को महिला के मौत की सूचना देकर जिला अस्पताल बुलवा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई को लेकर शिकायत नहीं दी है। लेकिन ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने के बारे में जानकारी दी गई है। पुलिस इस मामले में जांच करेगी। पोस्टमॉर्टम के दौरान काफी संख्या में महिलाएं और अन्य रिश्तेदार मौजूद रहे।

## स्वीप अभियान के तहत बैठक आयोजित

**भरतपुर ( नि.स. )।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव में कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे, इस उद्देश्य के साथ मतदान दिवस के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला स्तर पर 5 अप्रैल को प्रात: 7 बजे 8 हजार से अधिक प्रतिभागियों द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड में 'वोट फोर नेशन' के संदेश के साथ स्वीप गतिविधि के तहत वृहद मानव आकृति का निर्माण किया जायेगा।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल वीरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उक्त कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सरकारी व निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित स्वास्थ्य, आईसीडीएस, महिला अधिकारिता विभाग के कार्मिक, आंगनबाडी कार्यकर्ता, एनएसएस, स्काउट, गाइड, एनसीसी व राजीविका सहित विभिन्न संस्थाओं व संगठनों के सदस्य हिस्सा लेंगे।

साथ ही प्रथम वोटर, युवा, वृद्ध, महिला एवं दिव्यांग मतदाता भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस 19 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान किया जायेगा, इसमें सभी मतदाता बढ़चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, स्वतंत्र रूप से अपने विवेक के अनुसार उम्मीदवार का चयन करें, इसके लिए स्वीप गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही हैं। जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए चुनाव आयोग के ध्येय अनुसार मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कलाकृतियों का निर्माण किया जायेगा।

होर्डिंग्स व पोस्टर्स के जरिए मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए ऐप्स की जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने आमजन से इस वऋार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए 19 अप्रैल को लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने को कहा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) आरडी बंसल को प्रभारी अधिकारी, सीबीईओ सेवर दलवीर सिंह को अतिरिक्त प्रभारी, एसीबीईओ सेवर रामवीर सिंह को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला स्वीप कॉर्डिनेटर ओमप्रकाश खूंटेला ने बताया कि कार्यक्रम की ड्रोन द्वारा वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की जाएगी।



जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों के सम्बंध में अधिकारियों की बैठक ली।

## अवैध शराब के विरूद्ध चलाया अभियान

**भरतपुर ( निस )।** जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में जिला भरतपुर में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों से 10 बीयर, 155 पव्वा अग्रेंजी शराब व 1398 पव्वा अवैध देशी शराब, 20 लीटर हथकड शराब व 3920 रूपये को जब्त कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा हथकड शराब बनाने की 8 भट्टीया व 4500 लीटर वाश को नष्ट किया गया। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि अवैध शराब के विरूद्व चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना बृजेन्द्रसिंह भाटी व वृत्ताधिकारी वृत्त रूपवास स्वेता पाठक सुपरवीजन मे थाना रुदावल व थाना रुपवास द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये नगला खार मे 4 हजार 500 लीटर वाश व 8 अवैध हथकड शराब बनाने की भट्टीयां को नष्ट किया गया एवं कार्यवाही के दौराने एक टीम द्वारा जरीकेन ले जाते हुये एक व्यक्ति को पड़कने की कोशिश की तो उक्त व्यक्ति शराब से भरी जरीकेन को छोडकर भाग गया।

कास्टेबल वीरेन्द्र सिह द्वारा उस व्यक्ति की पहचान सुमेर निवासी नगला खार थाना रुदावल के रूप में की गई। जरीकेन में 20 लीटर अवैध हथकड़ शराब मिली जिसे जब्त कर फरार आरोपी के विरूद्व थाने पर आबकारी अधिनियम में प्रकरण पंजीबद्व कर आरोपी की तलाश जारी है। इसी प्रकार सुरेशचन्द हैड कानि मय जाप्ता द्वारा गस्त के दौरान मुखविर की सूचना पर माडापुरा रोड वीनस स्कूल के पास में बिना लाईसेन्स के अवैध शराब बेचते हुये पाये जाने पर आरोपी सोनू निवासी माडापुरा थाना रूदावल को गिरफतार कर उनके कब्जे से 95 पव्वा अवैध देशी शराब को जब्त कर थाने पर मामला पंजीबद्ध किया गया है। इसी प्रकार एएसआई मोहनसिंह मय जाप्ता द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर नगला खटका नहर के पास में बादाम सिंह निवासी नगला खटका थाना रूदावल अवैध शराब बेचता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस को आता देख अवैध शराब को मौके पर ही छोडकर फरार हो गया। पुलिस द्वारा मौके से 140 पव्वा अवैध देशी शराब को जब्त कर फरार आरोपी के विरूद्ध थाने पर मामला पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार थाना रूपवास के एएसआई हरदमसिंह मय जाप्ता द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर गांव भिडयानी में धमेन्द्र पुत्र विजेन्द्रसिंह जाति कुशवाह निवासी सैदपुरा हाल भिडयानी थाना रूपवास अवैध शराब बेचता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस को आता देख अवैध शराब को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस द्वारा मौके से 66 पव्वा अवैध देशी शराब को जब्त कर फरार आरोपी के विरूद्ध थाने पर मामला पंजीबद्ध किया गया।